Pt Deen Dayal Upadhyaya Centre For Skill And Vocational Education

MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY, ROHTAK
(A State University established under Haryana Act No. XXV of 1975)
'A+' Grade University Accredited by NAAC

प्रेस नोट

एमडीयू के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में सात दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला का शुभारंभ

रोहतक, 02 फरवरी, 2026। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के इलेक्ट्रिकल एवं सिविल ब्लॉक स्थित सेमिनार हॉल में करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल तथा पं. दीन दयाल उपाध्याय कौशल एवं व्यावसायिक शिक्षा केंद्र के सहयोग से तथा महिन्द्रा प्राइड क्लासरूम के तत्वावधान में सात दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों की रोजगारपरक क्षमताओं का संवर्धन करते हुए उन्हें वर्तमान एवं भविष्य की कार्यक्षेत्र आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है।

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में पं. दीन दयाल उपाध्याय कौशल एवं व्यावसायिक शिक्षा केंद्र के निदेशक, प्रोफेसर युद्धवीर सिंह ने मुख्य वक्तव्य देते हुए कौशल आधारित शिक्षा की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी परिवेश में विद्यार्थियों के लिए अकादमिक उत्कृष्टता के साथ-साथ व्यावहारिक दक्षता, अनुकूलन क्षमता तथा सतत् अधिगम अत्यंत आवश्यक है।

इस अवसर पर कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के संकाय सदस्य डॉ. हरकेश सहरावत ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला की उपयोगिता पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम शैक्षणिक अध्ययन एवं उद्योग अपेक्षाओं के मध्य समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल की निदेशक, डॉ. दिव्या मल्हान ने कार्यशाला के उद्देश्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों में सॉफ्ट स्किल्स, संचार कौशल तथा करियर तत्परता से संबंधित दक्षताओं का विकास किया जाएगा।

महिन्द्रा प्राइड क्लासरूम के प्रशिक्षक श्री जयदीप मल्होत्रा ने प्रेरणादायी संबोधन में विद्यार्थियों को कार्यशाला में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने तथा प्रशिक्षण से अधिकतम लाभ अर्जित करने हेतु प्रेरित किया।

इस अवसर पर यह भी जानकारी दी गई कि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक एवं महिन्द्रा प्राइड क्लासरूम के मध्य समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर की प्रक्रिया प्रगतिशील है। प्रस्तावित MoU के माध्यम से विद्यार्थियों में सॉफ्ट कोचिंग, संचार कौशल तथा बिजनेस स्टैंडर्ड्स से संबंधित क्षमताओं का विकास सुनिश्चित किया जाएगा। उक्त MoU के संदर्भ में पं. दीन दयाल उपाध्याय कौशल एवं व्यावसायिक शिक्षा केंद्र तथा करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से समन्वयात्मक चर्चा की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि यह सात दिवसीय कार्यशाला इंटरएक्टिव सत्रों, व्यावहारिक गतिविधियों तथा करियर-उन्मुख प्रशिक्षण मॉड्यूल्स पर आधारित है, जिससे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास, रोजगार योग्यता तथा समग्र व्यावसायिक विकास सुनिश्चित किया जा सकेगा। उद्घाटन सत्र में यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के शिक्षक, विभिन्न शाखाओं के छात्र तथा करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के अधिकारी उपस्थित रहे।

निदेशक

Google
Rohtak, Ha
Delhi Rd, Near De
124001, India
Lat 28.88008° Lo
Wednesday, 04/0

Google
Rohtak, Ha
Delhi Rd, Near De
124001, India
Lat 28.880154° Lo
Tuesday, 03/02/2

Google
Rohtak, Ha
Delhi Rd, Near De
124001, India
Lat 28.880144° L
Tuesday, 03/02/2